# कारोबारी भरोसा बढ़ा : सर्वे

नई दिल्ली,एजेंसी। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआईआई) का कारोबारी विश्वास सूचकांक अप्रैल-जून तिमाही में इससे पिछली तिमाही की तुलना में बढ़कर 66.1 हो गया है। जनवरी-मार्च की तिमाही में यह 64 पर था। जीएसटी संग्रह, हवाई और रेल यात्रियों की संख्या जैसे आंकड़ों में बढ़ोतरी से सकारात्मक रुझान का पता चलता है।

सीआईआईआई के कारोबारी परिदृश्य सर्वे में शामिल 180 कंपनियों में से 63 प्रतिशत का कहना है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर छह से सात प्रतिशत रहेगी। हालांकि, यह पिछले वित्त वर्ष के 7.2 प्रतिशत के आंकड़े से कम है। वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं का असर भारत की वृद्धि दर पर भी पड़ेगा।

सर्वे में कहा गया है कि वृद्धि की रफ्तार को कायम रखने के लिए जरूरी है कि केंद्रीय बैंक प्रमुख नीतिगत दरों में बदलाव नहीं करे। सर्वे में शामिल 53 प्रतिशत कंपनियों को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में रिजर्व बैंक प्रमुख ब्याज दर के मोर्चे पर यथास्थिति बनाए रखेगा।